**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– अंतरिक्ष के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है भारत–देश के पहले निजी उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर जताई खुशी।
- मुख्यमंत्री ने नुरपूर क्षेत्र में लगभग 31 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।
- सीमेंट के दामों में वृद्धि को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा– उद्योग मंत्री ने कहा–सीमेंट कंपनियों पर सरकार का नहीं कोई नियंत्रण।
- सेना दिवस के उपलक्ष्य में शिमला में रन फॉर फन मैराथन का आयोजन–बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा।

**समाचार विस्तार से............**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत प्रखर और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। आज आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी –––

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 18वीं कड़ी में आज अनेक मुद्दों पर लोगों के साथ अपने विचार साझा किये। नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले निजी उपग्रह पुंज–फायरफ्लाई के सफल प्रक्षेपण पर खुशी ज़ाहिर की।**

**प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का संगम है। उन्होंने कहा कि ये महाकुंभ विविधता में एकता का उत्सव है और इस बार संगम पर जनसैलाब उमड़ पड़ा है।**

**प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामना दी है। उन्होंने कहा है कि संविधान लागू होने की 75वीं वर्षगांठ होने के कारण इस वर्ष के गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है।**

**प्रधानमंत्री ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व की भी चर्चा की। देश में निर्वाचन आयोग की स्थापना इसी दिन हुई थी। उन्होंने मतदान–प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के लिए तकनीक के उपयोग पर चुनाव आयोग की सराहना की।**

**प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान को याद करते हुए कहा कि 23 जनवरी को नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उन्होंने युवाओं से नेताजी की जीवनी से प्रेरणा लेने का आहवान किया है।**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा प्रवास के दौरान नुरपूर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 31 करोड़ रुपये की सात विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें करीब 2 करोड़ रुपये से बने ज़िला फोरेंसिंक यूनिट का उद्घाटन भी शामिल है। उन्होंने दो करोड़ 84 लाख रुपये से निर्मित खजियां–हार सम्पर्क सड़क को भी लोगों को समर्पित किया।

इस बीच मुख्यमंत्री ने पौंग डैम और बाथू की लड़ी में प्राचीन मंदिरों का दौरा भी किया। उन्होंने वन विभाग को प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि साईबेरिया और मंगोलिया से आए प्रवासी पक्षी पौंग डैम में पर्यटकों का मुख्य आकर्षण होते हैं। उन्होंने बताया कि पौंग डैम के समीप क्षेत्रीय जल केंद्र में जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सीमेंट दाम

प्रदेश में सीमेंट के दामों में 5 रुपये प्रति बैग की वृद्धि हुई है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस वृद्धि को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमेंट के दामों पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है और सीमेंट कंपनियां मनमर्जी से दाम बढ़ा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सीमेंट उत्पादक राज्य होने के बावजूद हिमाचल में पड़ौसी राज्यों की अपेक्षा सीमेंट महंगा है।

दूसरी ओर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि सीमेंट कंपनियों पर केंद्र व राज्य सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमेंट कंपनियों से सिर्फ दाम न बढ़ाने का आग्रह कर सकती है। उद्योग मंत्री ने कहा कि इसमें सीमेंट कंपनियों से मिलीभगत जैसी कोई बात नहीं है।

## विक्रमादित्य सिंह

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज सोलन नगर निगम क्षेत्र में सवा चार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें एम्बुलेंस मार्ग और जल भंडारण टैंक का उद्घाटन भी शामिल है। धनीराम शांडिल ने कहा कि सोलन शहर में पानी की समस्या दूर करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ठेकेदारों की देनदारियों को सरकार चरणबद्ध ढंग से निपटा रही है और राज्य सरकार द्वारा जारी 80 करोड़ रुपये अगले कुछ दिनों में ठेकेदारों को मिल जाएंगे।

## सेना दिवस

77वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में सेना द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा आज सुबह ऐतिहासिक रिज मैदान पर रन फॉर फन मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें सेना के जवानों, उनके परिजनों और आम लोगों ने हिस्सा लिया। सेना

प्रशिक्षण कमान के जनरल अफसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र शर्मा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बताया कि इस मैराथन में 6 सौ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए रहे। जनजातीय जिला किन्नौर और लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियों पर पिछले 24 घंटों में हल्का हिमपात भी हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 22 व 23 जनवरी को अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में वर्षा की संभावना जताई है। अगले 24 घंटों में भी प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और वर्षा के आसार हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर'**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– अंतरिक्ष के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है भारत–देश के पहले निजी उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर जताई खुशी।
- मुख्यमंत्री ने नुरपूर क्षेत्र में लगभग 31 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।
- सीमेंट के दामों में वृद्धि को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा– उद्योग मंत्री ने कहा–सीमेंट कंपनियों पर सरकार का नहीं कोई नियंत्रण।

  **और**
- सेना दिवस के उपलक्ष्य में शिमला में रन फॉर फन मैराथन का आयोजन–बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा।

––––––––––––––––